श्रम और रोजगार मंत्रालय

ईएसआईसी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत 160 अस्पतालों और 1,600 से अधिक औषधालयों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा

निवारक स्वास्थ्य, पोषण, एएनसी, टीकाकरण और महिला कल्याण पर केंद्रित राष्ट्रव्यापी अभियान

ईएसआईसी का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, परिवारों को मजबूत बनाना और विकसित भारत के विजन को साकार करना है

Posted On: 17 SEP 2025 5:48PM by PIB Delhi

एक स्वस्थ महिला एक स्वस्थ परिवार की नींव होती है और एक स्वस्थ परिवार एक सशक्त एवं समृद्ध राष्ट्र की नींव होता है। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के साथ मिलकर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक एक राष्ट्रव्यापी पखवाड़े भर चलने वाला स्वास्थ्य अभियान - "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" शुरू कर रहा है। इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर, 2025 को 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के औपचारिक शुभारंभ के साथ किया था। यह पहल देश में महिलाओं और बच्चों के लिए अब तक की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा है, जो प्रधानमंत्री के पोषण, स्वास्थ्य और निवारक स्वास्थ्य के आह्वान के अनुरूप है।

इस अभियान के तहत, 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), जिला अस्पतालों (डीएच) और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में निवारक जाँच, प्रसवपूर्व जांच (एएनसी) सेवाएं, टीकाकरण, पोषण जागरूकता, स्वास्थ्यवर्धक खाना पकाने के तरीके, मात्रा नियंत्रण, परिवार-आधारित शारीरिक गतिविधियां और नियमित स्वास्थ्य जांच के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) देश भर के 160 ईएसआई अस्पतालों में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करके स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में भाग ले रहा है। सभी कार्य दिवसों (13 कार्य दिवसों) पर संचालित होने वाला यह पखवाड़े भर का कार्यक्रम, निवारक स्वास्थ्य सेवा और महिलाओं के कल्याण के प्रति ईएसआईसी की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कवरेज में देश भर के 160 अस्पताल, 1,603 औषधालय, 107 औषधालय सह शाखा कार्यालय (डीसीबीओ) और लगभग 100 स्वयंसेवी संबद्ध अस्पताल शामिल हैं। शिविरों का आयोजन स्थान-आधारित प्रारूप में मोबाइल

आउटरीच शिविरों के साथ किया जाएगा, जिसमें 160 ईएसआई अस्पतालों में से प्रत्येक प्रतिदिन एक मोबाइल शिविर आयोजित करेगा। लक्षित जनसंख्या में सभी आयु वर्ग की महिला लाभार्थी, किशोर और बच्चे शामिल हैं।

अभियान के तहत, पखवाड़े के दौरान ईएसआई अस्पतालों द्वारा 50 रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएँगे। ईएसआई अस्पतालों, औषधालयों और औषधालय सह शाखा कार्यालयों (डीसीबीओ) में दैनिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों के साथ-साथ नियमित एएनसी जाँच, टीकाकरण सेवाओं और एमसीपी कार्ड वितरण पर ज़ोर दिया जाएगा। यह कार्यक्रम स्क्रीनिंग-पीडीसी-सकारात्मक मामलों के लिए तत्काल रेफरल, अस्पताल परिसर में ही विशेषज्ञ परामर्श शिविर और अनुवर्ती उपचार के लिए निर्बाध समन्वय के माध्यम से विशेषज्ञ देखभाल एकीकरण भी सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, ईएसआईसी निक्षय मित्र प्रतिज्ञा अभियानों के माध्यम से टीबी उन्मूलन प्रयासों का समर्थन करेगा, जिससे समग्र निवारक स्वास्थ्य सेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता और मज़बूत होगी।

इसी भावना के साथ, अस्पतालों और औषधालयों के अपने व्यापक नेटवर्क के माध्यम से इस अभियान में ईएसआईसी की सक्रिय भागीदारी इस सिद्धांत को रेखांकित करती है कि मजबूत परिवार समाज की रीढ़ होते हैं और ये मिलकर एक सशक्त परिवार और एक विकसित भारत का निर्माण करते हैं। महिला लाभार्थियों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करके, ईएसआईसी उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है, मजबूत परिवारों को सहयोग दे रहा है और माननीय प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं समृद्ध विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद कर रहा है।

*****

पीके/केसी/वीएस/एसएस

(Release ID: 2167775) Visitor Counter : 15
Read this release in: English , Urdu , Tamil